समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Tuesday, 22 September 2026

# सावधान! फिर बढ़ रहा है कोरोना का खतरा, महाराष्ट्र मे 24 घंटे मे 86 नए मरीज, 4 की मौत।

Publisher

Published on 04 Jun 2025




## मुंबई मे सबसे ज्यादा 26 नए केस, नाशिक से सांसद हेमंत गोडसे कोरोना पॉजिटिव ; कामा अस्पताल मे तैयार हुआ 30 बेड का आइसोलेशन वॉर्ड।

**मुंबई :** महाराष्ट्र में एक बार फिर कोरोना संक्रमण बढ़ने लगा है, जिससे **स्वास्थ्य विभाग** और **आम जनता की चिंता बढ़ गई** है। बीते 24 घंटे में राज्य में **कोरोना के 86 नए मामले सामने आए** हैं, जबकि 4 लोगों की मौत हो गई है। इस दौरान 435 मरीज ठीक होकर घर लौटे हैं।

**मुंबई मे सबसे ज्यादा मामले, नाशिक से सांसद पॉजिटिव**
राज्य में मिले 86 नए मामलों में से **मुंबई मे सबसे ज्यादा 26, पुणे मे 27, ठाणे मे 9, नवी मुंबई मे 6, पिंपरी-चिंचवड़ मे 3, सांगली मे 5, कोल्हापुर मे 2** और **छत्रपति संभाजीनगर मे 8 केस सामने** आए हैं। **नासिक से शिवसेना सांसद हेमंत तुकाराम गोडसे** भी **कोरोना पॉजिटिव** पाए गए हैं। उनकी हालत स्थिर है और डॉक्टरों ने उन्हें होम क्वारंटीन रहने की सलाह दी है।

**नागपुर और संभाजीनगर मे हालात**
नागपुर में कोरोना के दो मरीजों की मौत अन्य बीमारियों के चलते हुई है—**एक मरीज को HIV** और **टीबी** था, जबकि दूसरा मरीज **किडनी** की बीमारी से पीड़ित था। **नागपुर मे अब तक कुल 17 कोरोना मरीज** मिले हैं, जिनमें से 11 ठीक हो चुके हैं और 4 का इलाज जारी है।

**छत्रपति संभाजीनगर** जिले में अब तक **8 कोरोना पॉजिटिव** मामले सामने आ चुके हैं। इनमें से **7 शहर क्षेत्र** और **1 ग्रामीण क्षेत्र**

से हैं, लेकिन वह मरीज वर्तमान में शहर में ही रह रहा है।

### मुंबई के कामा अस्पताल मे 30 बेड का कोविड वॉर्ड

कोरोना मामलों में बढ़ोतरी को देखते हुए मुंबई के **कामा अस्पताल मे 30 बेड** वाला एक विशेष **कोविड वॉर्ड** तैयार किया गया है। यहां **ऑक्सीजन सपोर्ट, जीवन रक्षक सिस्टम, निगरानी उपकरण** और अन्य **मेडिकल सुविधाएं** उपलब्ध कराई गई हैं। यह अस्पताल खासकर महिलाओं और बच्चों के इलाज के लिए समर्पित है, और अब कोरोना के बढ़ते मामलों को देखते हुए बड़ा कदम उठाया गया है।

### देशभर मे भी बढ़ रही है कोरोना की रफ्तार

देशभर में कोरोना संक्रमितों की **कुल संख्या अब 4,026** पहुंच चुकी है, जबकि **महाराष्ट्र मे संक्रिय मरीजों की संख्या 510** है। बढ़ते संक्रमण को देखते हुए सरकार और स्वास्थ्य विभाग ने लोगों से मास्क पहनने, हाथ धोने और **सोशल डिस्टेसिंग** जैसे उपाय अपनाने की अपील की है।

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.